डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
(Formerly UP Technical University)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226031

पत्रांक स0: अ.का.प्रा.वि. / कुप.का. / 2021 / 11933 दिनांक 09.08.2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर (स्नातक / परास्नातक) परीक्षा में डिटेन्ड किये गये छात्र / छात्राओं परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर के सभी वर्षो में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की परीक्षायें दिनांक 20.07.2021 से ऑन–लाइन मोड में आयोजित कराई जा रही है।

उक्त आयोजित परीक्षा के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 4744 दिनांक 09 जुलाई, 2021 एवं ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 4757 दिनांक 12 जुलाई, 2021 के अनुपालन में कतिपय संस्थानों द्वारा छात्रों की टयूशन फीस जमा न किये जाने के कारण सम्बन्धित संस्था द्वारा डिटेन्ड किया गया था। संस्थान द्वारा डिटेन्ड किये गये छात्रों की परीक्षाएँ छात्रहित के दृष्टिगत निम्नानुसार आयोजित कराया जाना निर्धारित किया गया है:

1. शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर परीक्षा में सम्बन्धित संस्था द्वारा डिटेन्ड किये छात्र / छात्राएं जिनकी शिक्षण शुल्क सम्बंधी अर्हताएं पूर्ण हो गयी है, ऐसे सभी छात्र / छात्राओं की डिटेन्ड सूची में संशोधन किये जाने हेतु दिनांक 10.08.2021 से दिनांक 12.08.2021 की मध्य रात्री तक ई0आर0पी0 लॉगिन खोला जा रहा है।
2. शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर परीक्षा में सम्बन्धित संस्थानों द्वारा डिटेन्ड किये छात्रों की जो परीक्षाएँ दिनांक 20.07.2021 से दिनांक 16.08.2021 के मध्य निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराई जा रही है, परन्तु सम्बन्धित संस्था द्वारा छात्र / छात्राएं डिटेन्ड होने के कारण उक्त तिथियों में निर्धारित विषयों की परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर सके हैं तथा दिनांक 12.08.2021 तक संस्था द्वारा डिटेन्ड सूची से हटा दिये गये है, ऐसे सभी छात्रों की उक्त ऑन–लाइन परीक्षाएँ माह सितम्बर, 2021 में आयोजित कराया जाना पुर्न–निर्धारित किया गया है, जिसका परीक्षा कार्यक्रम अतिशीघ्र उपलब्ध करा दिया जायेगा।
3. शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर परीक्षा में सम्बन्धित संस्थानों द्वारा डिटेन्ड किये छात्र / छात्राओं की (दिनांक 12 अगस्त, 2021 तक डिटेन्ड सूची से हटने की दशा में) जो परीक्षाएं दिनांक 16.08.2021 से दिनांक 09.09.2021 के मध्य सम्पन्न कराई जानी है, वे दिनांक 15 जुलाई, 2021 को जारी मूल परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कराई जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को किसी भी दशा में सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(प्रो0 विनीत कंसल)
कुलपति

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक / संयुक्त परीक्षा नियंत्रक / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 विनीत कंसल)
कुलपति

1257